झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा
संख्या-14

द्वितीय सत्र(बजट)
शुक्रवार, दिनांक-20 मार्च, 2015 ई०।

समय-10.00 बजे पूर्वा० से 4.10 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही विपक्ष के माननीय सदस्य सर्वश्री स्टीफन मराण्डी, नलिन सोरेन, जगरनाथ महतो, कुणाल षडंगी, रबीन्द्रनाथ महतो, अमित कुमार, दीपक बिरुवा, योगेन्द्र प्रसाद, दशरथ गागराई, ईरफान अंसारी, बिदेश सिंह, चमरा लिण्डा, बादल, श्रीमती निर्मला देवी एवं अन्य सदन की वेल में आकर केन्द्र सरकार द्वारा पारित भूमि-अधिग्रहण अधिनियम को वापस लेने की माँग करते हुए नारेबाजी करने लगे तत्पश्चात् सभी माननीय सदस्य सदन की वेल में ही धरने पर बैठ गये। इस दौरान माननीय नेता, प्रतिपक्ष तथा माननीय सदस्य, श्री अरुप चटर्जी अपने-अपने स्थान बैठे रहे और माननीय सदस्य, श्री राजकुमार यादव अपने स्थान पर खड़े रहे।

(भारी शोरगुल)

आसन द्वारा बार-बार माननीय सदस्यों को अपने स्थान पर बैठने हेतु आग्रह किया गया, परन्तु स्थिति यथावत बनी रही। अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही 10.20 बजे पूर्वा० से 10.45 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

स्थगनोपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण करते ही पूर्व की भाँति अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया। विपक्ष के माननीय सदस्य पुनः सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही **10.50 बजे पूर्वा० से** 12.20 बजे अप० तक के लिए स्थगित की गयी।

स्थगनोपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण करते ही पूर्ववत् अव्यवस्था का माहौल कायम रहा।

1.वित्तीय कार्य:-

श्री अमर कुमार बाउरी, प्रभारी मंत्री द्वारा **"राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग"** से सम्बन्धित माँग पेश की गयी।

श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

अन्तराल के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

2.वित्तीय कार्य (क्रमांक-1 से जारी):-

उपर्युक्त मांग पर श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

श्री योगेश्वर महतो,
श्री दीपक बिरूवा,

क्र॰पृ॰उ॰

(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण द्वारा शून्यकाल के सम्बन्ध में जानकारी माँगे जाने पर आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि आज के लिए निर्धारित सभी शून्यकाल की सूचनाओं को सम्बन्धित विभागों में प्रेषित कर दिया जाएगा।)

श्री मनीष जयसवाल,
श्री मनोज कुमार यादव,
श्री राम कुमार पाहन,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री शिवशंकर उरांव,
श्री राजकुमार यादव।

(इस अवसर पर विपक्ष द्वारा सदन का परित्याग किया गया।)

श्री प्रदीप यादव, स० वि० स० द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तत्पश्चात् ''राजस्व एवं भूमि सुधार **विभाग**'' की माँग सभा द्वारा स्वीकृत हुई। इसके उपरांत आसन द्वारा सोमवार दिनांक-23.03.2015 को राज्य में उल्लासपूर्वक मनाये जानेवाले सरहुल पर्व की हार्दिक बधाई दी गयी तदुपरांत सभा की कार्यवाही दिनांक- 24 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक- 20 मार्च, 2015 ई०।

सुशील कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।